भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2178
15 मार्च, 2022 को उत्तरार्थ

विषय: नारियल के किसानों को सहायता

2178. डॉ.एम.पी. अब्दुस्समद समदानी:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विशेष कर से केरल के नारियल किसानों की सहायता के लिए कोई नई योजना आरम्भ करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का नारियल से उत्पादों के विविधीकरण के लिए कोई विशेष योजना तैयार करने और उसके लिए धनराशि स्वीकृत करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) एवं (ख): नारियल विकास बोर्ड (सीडीबी) के माध्यम से सरकार पहले से ही केरल सहित देश में नारियल किसानों को समर्थन देने और मदद करने के लिए समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के तहत निम्नलिखित योजनाओं को कार्यान्वित कर रही है:

I. गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री का उत्पादन और वितरण।
II. नारियल के अंतर्गत क्षेत्र का विस्तार।
III. एकीकृत उत्पादकता सुधार खेती।
IV. प्रौद्योगिकी प्रदर्शन/गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला।
V. मार्केटिंग, मार्केट इंटेलिजेंट सर्विसेज, स्टैटिस्टिक्स और एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का सुदृढ़ीकरण।

VI. सूचना और सूचना प्रौद्योगिकी।

VII. अवसंरचना और प्रशासन सहित तकनीकी सेवा, परियोजना प्रबंधन।

VIII. नारियल प्रौद्योगिकी मिशन

IX. कायाकल्प और पुनर्रोपण

X. नारियल पाम बीमा योजना

XI. केरा सुरक्षा बीमा योजना

(ग) एवं (घ): नारियल विकास बोर्ड (सीडीबी) विकास, प्रदर्शन और प्रौद्योगिकियों को अपनाने के घटकों के साथ नारियल में मूल्य संवर्धन और उत्पाद विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए 'नारियल प्रौद्योगिकी मिशन' कार्यान्वयन करता है। इसके अलावा, 'प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला' नामक एक योजना जिसके तहत सीडीबी प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईटी) उत्पाद विकास, गुणवत्ता परीक्षण और विभिन्न नारियल आधारित उत्पादों पर प्रशिक्षण प्रदान करने में शामिल है। सीडीबी ने सीआईटी और अन्य प्रतिष्ठित अनुसंधान संगठनों के माध्यम से कई नए उत्पाद भी विकसित किए हैं।

****